# जे.एल.एन. अस्पताल का जिला कलेक्टर लोक बंधु ने किया निरीक्षण

## वार्डों में भर्ती मरीजों से भी की बातचीत, अस्पताल प्रशासन को दिए दिशा निर्देश

**अजमेर, (कासं)।** जिले में मौसमी बीमारियों के बढ़ते मरीजों की संख्या को देखते हुए अस्पताल में चिकित्सा सुविधाओं की व्यवस्थाओं के मद्देनजर शनिवार को संभाग के सबसे बड़े जेएलएन अस्पताल का जिला कलेक्टर लोक बंधु ने निरीक्षण किया। कलेक्टर ने वार्डों में जाकर भर्ती मरीजों से बातचीत कर व्यवस्थाओं की जांच की। उन्होंने अस्पताल प्रशासन को मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधा देने और किसी तरह की परेशानी न हो दिशा निर्देश भी दिए।

जिला कलेक्टर लोक बंधु शनिवार सुबह अचानक औचक निरीक्षण पर जेएलएन अस्पताल थे। उन्होंने यहां हॉस्पिटल अधीक्षक डॉ. अरविंद खरे सहित स्टाफ के सदस्यों के साथ आपातकालीन वार्ड, दवा काउंटर सहित अन्य विभागों में जाकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा वार्डों में भर्ती भर्ती मरीजों से बातचीत भी की। मीडिया से बातचीत करते हुए कलेक्टर लोक बंधु ने कहा कि सुबह जेएलएन अस्पताल का औचक निरीक्षण कर मरीजों से बातचीत की है। ज्यादातर मरीज व्यवस्थाओं पर संतुष्टि जाहिर की है। साथ ही जहां खामियां पाई गई है उन्हें दुरुस्त करने के लिए अस्पताल प्रशासन को दिशा निर्देश दिए गए है ताकि अस्पताल में आने वाले मरीजों को उचित इलाज मिल सके। कलेक्टर बंधु ने कहा कि मानसून के दौरान हुई तेज बरसात से अस्पताल परिसर में भी पानी भराव हुआ था, जिसके शिकायत सामने आई थी। इसे लेकर भी विभाग की बैठक लेकर जलभराव की समस्या को दुरुस्त करवाया जाएगा, साथ ही अस्पताल भवन के जर्जर हिस्सों की मरम्मत को लेकर भी दिशा निर्देश दिए गए है।

**■ अस्पताल भवन के जर्जर हिस्सों की मरम्मत को लेकर भी दिशा निर्देश दिए**



कलेक्टर ने अस्पताल के औचक निरीक्षण के दौरान वार्ड में भर्ती मरीज से बातचीत की।

## राष्ट्रीय संगोष्ठी का समापन

**अजमेर, (कासं)।** 'आम जनता को सुरक्षित उपयोगी एवं कम लागत वाली चिकित्सकीय सुविधाओं को प्रदान करना नवाचार एवं लघु उद्योगों की प्राथमिकता होनी चाहिए,' ऐसा कहना था इनोची केयर कि स:संस्थापक शिवानी गुप्ता का जो राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय में स्वरोजगार एवं उद्यमिता एवं पर हो रही दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी के दूसरे दिन सभा को संबोधित कर रही थी। शिवानी गुप्ता ने चिकित्सकीय उपकरण एवं घाव प्रबंधन पर अपना तकनीकी उद्योग शुरू किया है। शिवानी ने उपस्थित श्रोताओं को भारत में उपलब्ध चिकित्सकीय तकनीकी एवं उसमें निहित अपार संभावनाओं को श्रोताओं के समक्ष रख नवाचार हेतु प्रेरित किया।

इसी सत्र में डॉक्टर विजयानंद पाणिग्रही ने स्टार्टअप उड़ीसा के अंतर्गत शुरू किए गए अपने स्टार्टअप के बारे में बताया। डॉ पाणिग्रही ने विस्तार पूर्वक अपनी शुरुआती विफलता और और उसके बाद प्राप्त हुई सफलता के माध्यम से सुदृढ़ स्टार्टअप की स्थापना किस प्रकार से की पर बात की। इसी क्रम में डॉक्टर लीजा मित्तल सह संस्थापक एसएलएन इन्नोवेशंस प्राइवेट लिमिटेड ने वर्तमान में चल रहे कृषि प्रौद्योगिकी एवं उसके आधार पर स्थाई स्थापित विभिन्न कृषि प्रौद्योगिकी स्टार्टअप के बारे में अपने विचार प्रकट किये।

## सार-समाचार

### पारीक का किया अभिनंदन



**मेडता सिटी।** लघु उद्योग भारती के राष्ट्रीय सचिव नरेश पारीक आठ दिवसीय इटली दौरे से भारत वापस लोटने पर कार्यकर्ताओं द्वारा माला व गुलदस्ता देकर अभिनंदन किया। अधिवक्ता व भाजपा नेता नारायण पारिक ने कहा कि मीरा नगरी मेड़ता निवासी लघु उद्योग के राष्ट्रीय सचिव नरेश पारिक विदेश दौरे पर थे। पारीक आठ दिवसीय इटली दौरे पर थे वह लघु उद्योग द्वारा प्रदर्शनी में भाग लेने पहुंचे थे। मीरा नगरी मेड़ता के लिए गर्व की बात हे मेडता के पारिक विश्व स्तर की प्रदर्शनी में भाग लेने इटली गए। पारीक का लघु उद्योग द्वारा व कृषि मंडी के रामअवतार चितलांगिया, नारायण पारिक सहित कई कार्यकर्ताओं ने अभिनंदन किया।

### गरबा महोत्सव की धूम

**मदनगंज-किशनगढ़, (निस)।** वीर तेजा क्लब की और से तेजा चौक में आयोज्य गरबा की धूम मची हुई है। समाजसेवी सुरेंद्र महणोत, रवि शर्मा, जेईएन नवीन खत्री अतिथि के रूप में मौजूद रहे। निर्णायक रेखा गर्ग रही। गरबा महोत्सव के दौरान आयोजित प्रतियोगिता में चाइल्ड मेल वर्ग में हनी सिंह, संदीप जांगिड, पुनित शर्मा विजेता रहे। चाइल्ड फीमेल में मीना बजाज, राधिका राव, कनिका सोनी, वैभवी शर्मा, यंगर मेल में योगेश शर्मा, कृष्णा फुलवारी, हार्दिक मारू, यश शर्मा, यंगर फीमेल वर्ग में अनु कंवर, रेणुका कुर्डीया शामिल हुए। शूटिंग बाल प्रतियोगिता शुरु मदनगंज-किशनगढ़, (निस)। ऑल इंडिया महिला शूंटिंगबाल प्रतियोगिता का विधिवत शुभारंभ सुभाष क्लब मैदान पर हुआ। जिला शूटिंग बॉल संघ जिलाध्यक्ष सर्वेश्वर अग्रवाल व महासचिव शक्की मोहम्मद ने बताया की दो दिवसीय प्रतियोगिता में देश की प्रमुख आठ टीमों ने नगर के मुख्य बाजार में मार्च पास्ट किया। नगर परिषद सभापति दिनेश सिंह राठौड, उप सभापति मनोहर तारानी, पूर्व सभापति गुणमाला पाटनी, एशियन शूंटिंगबाल फेडरेशन महासचिव रविंद्र सिंह तोमर, शूटिंग बाल संघ प्रदेश महासचिव डॉ ओ पी माचरा, पार्षद सुनिता राठी, मीनाक्षी, ममता शर्मा, पी के जैन, शकील खान पूणे, राजस्थान शूटिंगबाल संघ से इंदूराज शर्मा, भूपेंद्र त्यागी, आर पी शेरावत व रफीक खान की मौजूदगी में प्रतियोगिता का शुभारम्भ हुआ। उद्घाटन मैच में महाराष्ट्र ने राजस्थान बी टीम को हराया। अध्यक्ष रविंद्र तोमर ने शूटिंग बॉल खेल की गतिविधियों को लेकर विचार व्यक्त किये। संचालन अजमेर जिला शूटिंगबाल संघ संरक्षक कैलाश अग्रवाल अंकल ने किया।

### घटनास्थल की तस्दीक करवाई

**रूपनगढ़, (निसं)।** रूपनगढ़ में बीते 22 सितंबर को जमीनी विवाद में हुईं हत्या एवं फायरिंग मामले में गिरफ्तार आरोपियों की निशादेही पर, रूपनगढ़ थाना पुलिस द्वारा शनिवार को आरोपियों से घटनास्थल की तस्दीक करवाई गई। रूपनगढ़ थाना प्रभारी भंवर सिंह राव ने बताया कि जमीनी विवाद प्रकरण में बीएनएस की विभिन्न धाराओं सहित आर्म्स एक्ट में गिरफतारशुदा आरोपी राजवीर सिंह, आरोपी पुखराज, आरोपी नरेश, आरोपी विकास, आरोपी दिपेन्द्र, आरोपी विजेन्द्र व आरोपी रामनिवास को धारा 23(2) भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 के तहत उक्त आरोपियों की निशादेही से योजनास्थल और घटनास्थल की तस्दीक करवाई गई और प्रकरण में आरोपी पुखराज और नरेश की निशादेही से गांव फलोदा जहां पर उक्त घटना कारित करने के बाद आरोपियों द्वारा स्कॉर्पियो गाड़ी छोड़कर फरार हुए थे। उस स्थान की तस्दीक करवाई गई। वही आरोपी नरेश से घटना में प्रयुक्त स्कॉर्पियो गाड़ी जप्त की गई। मुकदमे का अनुसंधान जारी है।

### देर रात तक गरबा में खनके डांडिये

**मसूदा, (निसं)।** मसूदा उपखंड क्षेत्र में शारदीय नवरात्र के मौके पर विभिन्न गली मोहल्ले में गरबा की धूम मची हुई है यहां रामगढ़ चौराहा अखाड़े वाले बालाजी ,ललवानी मोहल्ला आदि क्षेत्रों में गरबा की धूम मची हुई हैं। विभिन्न समितियों के तत्वाधान में आयोजित गरबा महोत्सव में देर रात तक जमकर डांडिये खनखाये। इस दौरान जय हो जगदंबा म्हारी,है नाम रे सबसे बड़ा थारो नाम रे , ओढनी ओढ़ू तो उड़ उड़ जावे,आवो पहला डंडिया रास में चाला आदि गुजराती एवं राजस्थानी गीतों पर महिलाएं व युवाओं ने जमकर डांडिये खनखाये। गर्भ में अलग-अलग परिधान पहनकर विभिन्न चरणों में डांडिया खेल गए इससे पूर्व गरबा स्थल पर माता की पूजा अर्चना कर आरती की गई।

### अजमेर टीम ने जीता स्वर्ण पदक

**अजमेर, (कासं)।** 68वीं राज्य स्तरीय लॉन टेनिस व्यक्तिगत स्पर्धा प्रतियोगिता छात्रा वर्ग 19 में जेनिस मनोज ओझा चैम्पियन और टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। 68वीं राज्य स्तरीय माध्यमिक व उच्च माध्यमिक लॉन टेनिस प्रतियोगिता शिक्षा विभाग बीकानेर राजस्थान की अनुपालना में अ.भा.रा.उच्च माध्यमिक विद्यालय माणक चौक जयपुर के तत्वाधान में 30 से 5 अक्टूबर तक सवाई मानसिंह स्टेडियम जयपुर में आयोजित की जा रही है। इस लॉन टेनिस प्रतियोगिता छात्र व छात्रा आयु वर्ग 17 व 19 में राज्य के 37 जिलों की टीमों के 741 खिलाड़ी जिले से राज्य स्तरीय प्रतियोगिता चयनित हुए थे और टूर्नामेंट में भाग ले रहे हैं।

## बांसुरी वादन के साथ कार्यक्रम शुरु

**मेडता सिटी।** केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय, संगीत नाटक अकादमी नई दिल्ली, राजस्थान धरोहर प्राधिकरण राजस्थान की ओर से मीरांबाई स्मारक के 17वें स्थापना दिवस के दो दिवसीय महोत्सव का शुक्रवार को दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

समारोह के पहले दिन केन्द्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्रसिंह शेखावत, राजस्थान किसान आयोग अध्यक्ष सीआर चौधरी, राजस्थन धरोहर प्राधिकरण अध्यक्ष औंकारसिंह लखावत, पूर्व सांसद गोपालसिंह शेखावत, मेडता विधायक लक्ष्मणराम कलरू, संभागीय आयुक्त महेशचन्द्र शर्मा, अति. जिला कलक्टर नागौर चंपालाल जीनगर, केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय निदेशक प्रियका चन्द्रा आदि ने मीरांबाई के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त बांसुरी वादक पद्म विभूषण पंडित हरिप्रसाद चौरसिया, भजन गायक पद्म श्री अनवर खान मागनियार, केरल के कलाकारों की ओर से नृत्य नाटिका प्रेम रंग मीरां की मन मोहक प्रस्तुति होनी थी। कार्यक्रम में मंत्री शेखावत ने कहा मेड़ता मीरा बाई के दर्शन करना चार धाम की यात्रा से भी बढ़ कर है।

मीरा के नाम से जो मेड़ता के विकास में योगदान होगा उसका जरूर काम होगा। वही मेड़ता विधायक लक्ष्मण राम कलरू ने सांस्कृतिक मंत्री शेखावत से मेड़ता में एक मीरा ऑडिटोरियम खोलने की मांग रखी वही मेड़ता के मीरा महोत्सव को विश्व स्तर पर करने की मांग की। मंच संचालन पालिका कर्मचारी फैडरेशन जिलाध्यक्ष अनिल चौधरी एवं राजस्थानी भाषा विद्धान डॉ. रामरतन लटियाल ने किया।

## तेजा चौक में गरबा महोत्सव की धूम

**मदनगंज-किशनगढ़, (निस)।** वीर तेजा क्लब की ओर से तेजा चौक में आयोज्य गरबा की धूम मची हुई है। समाजसेवी सुरेंद्र महणोत, रवि शर्मा, जेईएन नवीन खत्री अतिथि के रूप में मौजूद रहे। निर्णायक रेखा गर्ग रही। गरबा महोत्सव के दौरान आयोजित प्रतियोगिता में चाइल्ड मेल वर्ग में हनी सिंह, संदीप जांगिड़, पुनित शर्मा विजेता रहे। चाइल्ड फीमेल में मीना बजाज, राधिका राव, कनिका सोनी, वैभवी शर्मा, यंगर मेल में योगेश शर्मा, कृष्णा फुलवारी, हार्दिक मारू, यश शर्मा, यंगर फीमेल वर्ग में अनु कंवर, रेणुका कुर्डीया, राधिका शर्मा, खुशबू कंवर, सीनियर मेल में रोहित गुप्ता, अरुण लखवानी, अंशुल टाक, प्रेम शेखवानी, सीनियर फीमेल में खुशी दुबे, कोमल सैनी, लवीना गुलवानी, मनीषा यादव, महिला वर्ग में बुलबुल भाटी, संध्या सोनी, पूजा शर्मा, रवीना सैन, यंगर कपल में रोहित-शिखा आदि विजेता रहे।

## राईफल शूटिंग प्रतियोगिता सात अक्टूबर से

**अजमेर, (कासं)।** सैन्ट्रल एकेडमी विद्यालय अजमेर मे 7 से 13 अक्टूबर 2024 को 68वी राज्य स्तरीय राईफल शूटिंग प्रतियोगिता-2024 का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता मे करीब 1800 से अधिक छात्र-छात्राए खिलाडी भाग ले रहे है।

**■ इस प्रतियोगिता मे राजस्थान के 50 जिलो से करीब 1800 से छात्र-छात्राएं ले रहे भाग**

सैन्ट्रल एकेडमी विद्यालय अजमेर के प्राचार्य अजय सिंह राजपूत ने पत्रकारो से रू-ब-रू होते हुए बताया कि राज्य सरकार द्वारा 68वीं राज्य स्तरीय राईफल शूटिंग प्रतियोगिता 17-19 वर्ष का आयोजन 7 अक्टूबर से 13 अक्टूबर 2024 तक हो रहा है। यह गर्व का विषय है कि सैन्ट्रल एकेडमी अजमेर को इस प्रतियोगिता का आयोजन कराने का दायित्व मिला है। प्राचार्य राजपूत ने बताया कि 50 जिलो से आ रहे 1800 छात्र-छात्राओ के लिए जिला शिक्षा अधिकारी ने विभाग की तरफ से व्यवस्था संभालने के लिए 70 अधिकारी व सैन्ट्रल एकेडमी स्कूल की ओर से 80 अधिकारी तैनात किए है और इन सभी खिलाडियो को अजमेर के करीब 15 विद्यालयो मे ठहराने एवं खाने की व्यवस्था भी की गई है।




सेंट्रल एकेडमी विद्यालय के प्राचार्य ने प्रेस वार्ता की।

## पाटोत्सव हर्षोल्लास से मनाया

**अजमेर, (कासं)।** श्री अग्रवाल पंचायत गंज धड़े के गंज स्थित श्री लक्ष्मीकांत भगवान के मन्दिर में 5 अक्टुबर शनिवार आश्विन शुक्ला तृतीया को पाटोत्सव कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ मनाया गया, इस उपलक्ष में दोपहर 3:00 बजे से मन्दिर में संकीर्तन मंडली द्वारा सुंदर कांड परायण पाठ व भजन प्रस्तुत किये गए तथा शाम 6:30 बजे आरती के पश्चात प्रसाद वितरण किया गया।

श्री अग्रवाल पंचायत गंज धड़े के अध्यक्ष कैलाश चंद गोयल व सचिव शैलेंद्र अग्रवाल ने यह जानकारी देते हुए बताया कि इस अवसर पर मन्दिर के पुजारी प. जगदीश प्रसाद शर्मा ने धड़े के पदाधिकारियों को श्री लक्ष्मीकांत भगवान व राम दरबार की पूजा कराई, संस्था पदाधिकारियों ने प. जगदीश शर्मा व संकीर्तन मंडली सदस्यों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस अवसर पर श्री लक्ष्मीकांत भगवान का नयनाभिराम श्रृंगार किया गया।

## सतर्कता जांच अभियान के तहत पेट्रोल पंप की जांच की

**अजमेर।** प्रबंध निदेशक के आदेशानुसार दो दिवसीय सतर्कता जाँच अभियान के अंतर्गत 4 व 5 अक्टूबर को सहायक अभियंता (प.व.स), नसीराबाद उपखंड क्षेत्र में सतर्कता दलों द्वारा सघन सतर्कता जाँच करके कार्यवाही की गयी। इस दौरान विशेषकर अत्यधिक महत्वपूर्ण उपभोक्ताओं जैसे पेट्रोल पंप,संदिग्ध औद्योगिक कनेक्शन, ढाबे और होटल, आर.ओ प्लान्ट, चिलिंग प्लांट, बीएमसी (डेयरी), टावर, ए.सी वाले घरेलू उपभोक्ताओ आदि के परिसरों की सघन जांच की गई।

सतर्कता जाँच अभियान का नेतृत्व अधिशाषी अभियंता (प.व.स), नसीराबाद भंवर सिंह द्वारा किया गया एवं दो सतर्कता दल गठित करे गए थे, जिसमें सहायक अभियंता (प.व.स) मनीष दत्ता, कनिष्ठ अभियंता (श्रीनगर) दिनेश मीणा, कनिष्ठ अभियंता (रामसर) अंजलि जैफ एवं कर्मचारी सम्मिलित थे।

गत दो दिनों की सतर्कता जाँच के दौरान ग्राम बलवन्ता, जाटिया, बीर, भटियानी, भवानीखेड़ा, लोहरवाड़ा, देराठु, श्रीनगर, रामसर, साम्प्रोन्दा, बुबानिया, फारकिया, ढाल, दिलवाड़ा, बाघसुरी, धोलादांता, पचमता, न्यारा आदि गाँवो में सघन जांच करी गयी। इस दौरान जाँच दलों द्वारा करीब संदिग्ध 59 स्थानों पर जाँच करी गयी एवं विद्युत चोरी तथा अनधिकृत उपयोग का सतर्कता जाँच प्रतिवेदन मौके पर ऑनलाइन ही भरा गया। अवैध तार आदि सामग्री जब्त करके निगम नियमानुसार कुल 1.35 लाख रुपये जुर्माना किया गया जिसके जमा ना होने पर उपभोक्ता के विरुद्ध विद्युत चोरी निरोधक थानों में नियमानुसार प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करवा कर अग्रिम कार्यवाही अमल में लायी जाएगी।

## भाजपा युवा मोर्चा ने घर-घर संपर्क किया

**शाहपुरा।** भाजपा युवा मोर्चा नगर मंडल शाहपुरा ने युवा मोर्चा जिला प्रभारी कमल खंडेलवाल हर घर संपर्क कर सदस्यता अभियान के तहत सदस्य बनाये.भाजपा युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष कुलदीप शर्मा ने कहा की 18से 25वर्ष के युवाओं को भाजपा विचारधारा से जोड़ना है।

भाजपा के राष्ट्रीय पर्व सदस्यता अभियान मे युवाओ को ज्यादा से ज्यादा जोड़ना है। युवा मोर्चा सयोजक चेतन वैष्णव ने बताया की सदस्यता अभियान के जिला सयोजक अविनाश जीनगर ने कहा की शाहपुरा -बनेड़ा विधानसभा क्षेत्र मे युवा मोर्चा कार्यकर्ता हर युवा साथी को भाजपा का सदस्य बनाये। इस दौरान कालेज के बाहर, कोचिंग संस्था के बाहर भी युवा साथियो को भाजपा के सदस्य बनाये गए। जिला प्रभारी का स्वागत अभिनन्दन बोहरा शोरूम पर किया गया।

## अजमेर शहर की क्षतिग्रस्त सड़के अब बनेगी नई

**■ विधानसभाध्यक्ष की अनुशंसा पर एडीए ने की निविदा जारी**

**अजमेर, (कासं)।** अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर द्वारा 4 अक्टूबर को शहर के सर्वांगीण विकास के लिए विभिन्न विकास कार्यों की निविदा जारी की गई। शहर की सडको के लिए विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी की अनुशंसा से इस साल हुई भारी बारिश में क्षतिग्रस्त सडके महाराणा प्रताप योजना में पुष्कर रोड, नोसर घाटी से कोटड़ा मुख्य सडक, पंचशील नगर-ए ब्लाक की सडकों को सुधारने के कार्य लिए गये है। इसके अतिरिक्त अफोर्डेबल हाउसिंग पालिसी 2000 के तहत स्वीकृत योजना का लम्बे समय में अधूरे रहे शेष निर्माण कार्य को पूर्ण कराने का कार्य लिया गया है।

प्राधिकारण आयुक्त नित्या ने बताया कि प्राधिकरण की नारेली वेयर हाउस व गोदाम के लिए स्वीकृत योजना के विकास हेतु सडक निर्माण कार्य लिया गया है। दक्षिण विधायक अनिता भदेल की अनुशंसा से प्राधिकरण के दक्षिण जोन की योजनाओं के लिए आगामी एक वर्ष के लिए सडक रिपेयर का कार्य लिया गया है तो वही इसी प्रकार विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी की अनुशंसा में कोटडा स्थित विवेकानंद स्मारक में स्वामी विवेकानंद की भव्य मूर्ति लगाने का कार्य भी नामित किया गया है एवं मुख्यमंत्री की वर्ष 2024-25 की बजट घोषणा व मंत्री सुरेश सिंह रावत की अनुशंसा से पुष्कर में ब्रह्मा मंदिर कॉरिडोर व परिक्रमा मार्ग के विकास के लिए डीपीआर तैयार करवाने के लिए कंसल्टेसी के लिए निविदा आमंत्रित की गयी है और कुल मिलाकर शहर के विकास के लिए राशि 1759.61 लाख के कार्य स्वीकृत किए गए है।

## मरीजों के बैठने का स्थान पार्किंग स्थल बना

**मसूदा।** मसूदा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के परिसर में जहां मरीजों व परिजनों के बैठने के लिए बनाया गया था चार दिवारी चबूतरा जहां मरीज़ परिवार आराम से बैठ सके चिकित्सालय में अगर ओपीडी में भीड़ ज्यादा हो या इमरजेंसी में आने वाले लोगों के लिए बनाया गया है, लेकिन विडम्बना यह है कि चिकित्सालय के कार्मिकों द्वारा यह पार्किंग स्थल बनाया हुआ है। जबकि इस चिकित्सालय में चिकित्सा प्रभारी व अन्य कार्मिको की आवाजाही लगी रहती हैं और तो और जनप्रतिनिधियों का आना जाना लगा रहता है।

लेकिन किसी ने इस पार्किंग स्थल पर ध्यान नहीं दिया जाता है। जबकि यह स्थल मरीजों व उनके परिजनों के लिए है पार्किंग स्थल नहीं कहने की किसी ने हिम्मत नहीं दिखाई की यह पार्किंग स्थल नहीं है। जबकि चिकित्सालय के बाहर पार्किंग स्थल है परंतु चिकित्सालय के कार्मिकों की हठधर्मिता के चलते मरीजों के स्थल पर ही अपनी अपनी मोटरसाइकिल खड़ी करेंगे लगता है इन्हें किसी भी अधिकारियों का भय नहीं है या इन्हें उनकी सह मिली गई हैं। एक तरफ राज्य सरकार चिकित्सालय के लिए विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध करवा रही हैं दूसरी ओर कार्मिक द्वारा अनियमिता दिखाई कर नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए दिखाई देते नजर आ रहे हैं।

## शाहपुरा में एक दिवसीय डांडिया प्रतियोगिता का आयोजन

**शाहपुरा।** शाहपुरा महाप्रभु स्वामी रामचरण कन्या विद्यापीठ में नवरात्रि के दौरान एक दिवसीय डांडिया प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। हमारी संस्कृति व परम्परा को सहेजने एवं युवा पीढ़ी को इनसे परिचित कराने की उद्देश्य से प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी महाप्रभु स्वामी रामचरण कन्या महाविद्यालय में गरबा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों द्वारा माता रानी व सरस्वती की प्रतिमा पर दीपक माल्यार्पण करके कार्यक्रम की शुरुआत की कार्यक्रम के अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. ओम प्रकाश कुमावत ने की मुख्य अतिथि डॉ.सत्यनारायण कुमावत प्राचार्य एवं प्रज्ञा प्रवाह क्षेत्रीय संयोजक राजस्थान एवं बालकृष्ण जोशी बंसीलाल छिपा मोजूद में महाविद्यालय में गरबा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता में 7 से अधिक ठुप्स ने भाग लिया है। प्रतिभागी छात्राओं मे ज्योति वैष्णव श्रुति वैष्णव जसोदा कुमारी कुमावत रिंकू खटीक अनुज पांडे रूपल वैष्णव राधिका शर्मा कुसुम बेरवा को महाविद्यालय द्वारा प्रथम रही छात्राओं को अतिथियों द्वारा पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं सहित पूर्णा पारीक सरिता छिपा रेहाना परवीन छिपा संजना गहलोत भारती समतानी तृप्ति पारीक मीना शर्मा बृजेश शर्मा अभिषेक बसेर अमित शर्मा ओम प्रकाश वर्मा लेखराज पाराशर संपत माली सहित सभी सदस्य मौजूद रहे।

राधिका शर्मा, खुशबू कंवर, सीनियर मेल में रोहित गुप्ता, अरुण लखवानी, अंशुल टाक, प्रेम शेखवानी, सीनियर फीमेल में खुशी दुबे, कोमल सैनी, लवीना गुलवानी, मनीषा यादव, महिला वर्ग में बुलबुल भाटी, संध्या सोनी, पूजा शर्मा, रवीना सैन, यंगर कपल में रोहित-शिखा, शैलीन-वंशिका, सीनियर कपल में अंकित सोनी-संध्या, ऋषभ-मनीषा यादव विजेता रहे। मुख्य संयोजक राकेश शर्मा, अध्यक्ष रुपेश यादव, संयोजक कमल राठी, संरक्षक धन्नालाल यादव (पार्षद), राहुल चौरडिया, शुभम चौधरी, दीपक यादव, जितेंद्र तिवारी, राजू यादव, अखिल गर्ग, गिरिराज शर्मा, रणवीर चौधरी लोकेश यादव, गोपाल यादव, दीपक शर्मा, अशोक शर्मा, हेमंत जैन, प्रेरक यादव, दीपेन्द्र चौधरी आदि कार्यकर्ताओ ने अतिथियों का स्वागत किया। संचालन निपुण शर्मा ने किया।



शाहपुरा में नवरात्र के दौरान डांडिया महोत्सव में महिलाओं ने गरबा खेला।

## डांडिया व गरबा रास चढ़ रहा परवान

**अजमेर, (कासं)।** नवरात्र महोत्सव के मद्देनजर शहर भर में डांडिया व गरबा उत्सव की धूम मची हुई है। नवरात्र के तीसरे दिन शनिवार को उत्सव परवान पर रहा। नगर निगम द्वारा आजाद पार्क में चल रहे गरबा कार्यक्रम में शहरवासी गरबा नृत्य करने के लिए उमड़ पड़े।

मेयर ब्रजलता हाड़ा ने बताया कि शनिवार को हुए डांडिया रास में गरबा ड्रेस में आने वाले युवक-युवतियों ने ही स्टेज पर गरबा खेला। उन्होंने बताया कि डांडिया रास में होने वाली प्रतियोगिताओं में उन्हीं विजेताओं को पुरस्कृत किया जा रहा है जो नगर निगम सीमा क्षेत्र के 80 वार्डों में रहने वाले है। विजेताओं को पुरस्कार प्राप्त करने के लिए आधार कार्ड, जिसमें पता अजमेर शहर नगर निगम सीमा क्षेत्र का होना जरूरी रखा गया है। गरबा शुरू होने पूर्व मेयर ब्रजलता हाड़ा ने मां दुर्गा की आरती की। कार्यक्रम में मेला संयोजक डिप्टी मेयर नीरज जैन, पार्षद राजेंद्र सिंह राठौड़, गजेंद्र सिंह रलावता, सहित कर्मचारी व शहरवासी मौजूद रहे।

डिप्टी मेयर नीरज जैन ने बताया कि नगर निगम द्वारा आयोजित किए जा रहे दशहरा महोत्सव के तीसरे दिन शनिवार को आयोजित रामलीला मंचन में अयोध्या में मुनि विश्वामित्र का आगमन, दशरथ से राम-लक्ष्मण का मांगना, ताडका, सुबाहु वध, मारिच को सागर पार भेजना, अहिल्या का उद्धार प्रसंगों का कलाकारों ने मंचन किया।

## 26 स्पेशल ट्रेन चलेगी

**अजमेर (कासं)।** रेलवे बोर्ड की ओर से दुर्गा पूजा और दीपावली जैसे बड़े त्योहारों पर रेल यात्रियों के घर आने व जाने के लिए अजमेर से 26 स्पेशल ट्रेन चलाई जाएगी। कई स्पेशल ट्रेन अजमेर से होकर गुजरेगी। इससे करीब 20 हजार रेल यात्रियों को फायदा होगा। अलग-अलग समय में ट्रेन का शेड्यूल जारी किया जा चुका है।

**अजमेर से ये स्पेशल ट्रेने :-** टनकपुर-दौराई 30 नवंबर तक, दौराई-टनकपुर 1 दिसंबर तक, अजमेर-दादर 29 नवंबर तक, अजमेर-संतरागाछी 23 नवंबर तक, बांद्रा-जयपुर स्पेशल 27 दिसंबर तक, वलसाड़-भिवानी स्पेशल 27 दिसंबर तक, पटना-साबरमती स्पेशल 3 जनवरी तक, माता वैष्णो देवी कटरा-उदयपुर 15 नवंबर तक, भिवानी-वलसाड़ स्पेशल 28 दिसंबर तक। इसी प्रकार साबरमती हरिद्वार स्पेशल 30 नवंबर तक, भावनगर टर्मिनस-दिल्ली कैंट स्पेशल 28 दिसंबर तक, अजमेर-बांद्रा सुपरफास्ट स्पेशल 29 दिसंबर तक, दिल्ली-कैंट-भावनगर स्पेशल 29 दिसंबर तक, हैदराबाद-जयपुर स्पेशल 29 दिसंबर तक, साबरमती सीतामढ़ी स्पेशल 2 दिसंबर, अजमेर बांद्रा स्पेशल 30 दिसंबर तक, हरिद्वार साबरमती स्पेशल 1 दिसंबर तक, जयपुर-हैदराबाद स्पेशल 31 दिसंबर तक, सीतामढ़ी-साबरमती स्पेशल 4 दिसंबर तक, साबरमती-पटना स्पेशल 2 जनवरी तक, ओखा दिल्ली सराय रोहिल्ला स्पेशल 1 जनवरी तक, उदयपुर-माता वैष्णो देवी स्पेशल 14 नवंबर तक, अजमेर-सोलापुर स्पेशल 28 नवंबर तक, जयपुर-बांद्रा स्पेशल 26 दिसंबर तक, दिल्ली कैंट-ओखा स्पेशल 2 जनवरी तक, दरभंगा-दौराई स्पेशल 29 दिसंबर तक दौराई-दरभंगा स्पेशल 31 दिसंबर तक।

**आम सूचना**

मैं मेरे अभिभाष्य फर्म मैसर्स शिवशक्ति बोरिंग कम्पनी, भीलवाडा पार्टनर्स शिवप्रसाद शर्मा, मोहन शर्मा, सुधीर शर्मा, निवासी सुभाष नगर, भीलवाड़ा की हिदायत एवं निर्देशानुसार आम सूचना प्रकाशित करता हूँ कि मेरे अभिभाष्य फर्म बोरिंग कम्पनी द्वारा बोरिंग हेतु खड्डा खोदने का कार्य सम्पादित करती है। फर्म के पार्टनर सुनील शर्मा द्वारा फर्म के व्यवसाय के साथ-साथ व्यक्तिगत व्यवसाय करना प्रारम्भ किया, जिसके कारण सुनील शर्मा को वित्तीय हानि का सामना करना पड़ा। फर्म द्वारा काफी अवसर दिए जाने के पश्चात भी सुनील शर्मा अपनी वित्तीय स्थिति को नियमित एवं सुदृढ़ करने में असफल रहा, जिसका प्रभाव फर्म के व्यवसाय पर पड रहा है, इसलिए फर्म के शेष पार्टनर्स की सहमति से पार्टनर सुनील शर्मा को पार्टनर की हैसियत से तुरन्त प्रभाव से निष्कासित किया गया है। फर्म के नियमित एवं सुचारू व्यवसाय का संचालन करने के लिए फर्म के शेष पार्टनर की सहमति से नया पार्टनर मोहित शर्मा को पार्टनर के रूप में नियुक्त किया जाता है। निष्कासित पार्टनर सुनील शर्मा फर्म मैसर्स शिवशक्ति बोरिंग कम्पनी, भीलवाड़ा में दिनांक 03-10-2024 को निष्कासन करने के पश्चात फर्म में कोई हैसियत नहीं रखता है, इसलिए भविष्य में निष्कासित पार्टनर सुनील शर्मा द्वारा किसी भी प्रकार का फर्म के हित में कोई भी किसी व्यक्ति, एजेंट, फर्म, पार्टनरशीप फर्म, कम्पनी आदि से लेन देन या कार्य का संचालन किया जाता है तो उसके लिए वह व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदार होगा। जिसके लिए फर्म किसी भी प्रकार से प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से उत्तरदायी नहीं होगी। (रूपेश पाटोदीया) एडवोकेट